भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 18.12.2022

महाप्रबंधक आरेडिका श्री बृज मोहन अग्रवाल पदोन्नत पर बने महानिदेशक/सेफ्टी।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के निवर्तमान महाप्रबंधक श्री बृज मोहन अग्रवाल ने 17.12.2022 को पदोन्नति पर महानिदेशक/सेफ्टी रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली (पदेन सचिव भारत सरकार) का पदभार ग्रहण किया। इसके उपरांत आरेडिका के अधिकारियों के साथ आज महाप्रबंधक सभागार में बैठक आयोजित की।

महानिदेशक/सेफ्टी महोदय, ने आईआईटी रूड़की से बीटेक और आईआईएम बंगलोर से एमबीए की उपाधि ग्रहण की हैं। इससे पूर्व में श्री अग्रवाल मध्य रेलवे, ईस्ट कोस्ट रेलवे, एनईआर,एनसीआर, कपूरथला आदि विभिन्न रेलवे जोनों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं ,जिनमें महाप्रबंधक/आरेडिका, पीसीएमई/आरसीएफ कपूरथला, डीआरएम ईस्ट कोस्ट रेलवे, एवं जीएम आरडब्लू एवं ईआई राइटस् आदि प्रमुख हैं।

महानिदेशक/सेफ्टी का पदभार संभालने के बाद श्री अग्रवाल को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के अधिकारियों के दोनों संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री अग्रवाल महानिदेशक/सेफ्टी को महाप्रबंधक आरेडिका के रूप में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिए याद किया और पिछले 1 महीने में श्री बृज मोहन अग्रवाल के नेतृत्व में आरेडिका ने काफी प्रगति की है ।

इस सम्मान समारोह में महाप्रबंधक (आई./सी) श्री एस. एस. कलसी, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री एन.डी. राव , प्रधान मुख्य अभियंता श्री एस.पी. यादव व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

18/12/2022
(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी